| Budget Speech 2025-26<br>Fisheries Department Haryana | | |
|---|---|---|
| Point No. | Budget Speech 2025-26 | Remarks |
| (xxx) | सफेद झींगा के उत्पादन की लागत कम करने के लिए सोलर लगाये जाने पर दिए जाने वाले अनुदान की 10 किलोवॉट की सीमा को बढाकर 30 किलोवॉट करने का प्रस्ताव | वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान राज्य प्रायोजित स्कीम सघन मत्स्य विकास कार्यक्रम के तहत मछली व झींगा किसानों को 2 हैक्टेयर (5 एकड़) भूमि तक सफेद झींगा इकाई की स्थापना हेतु सोलर सिस्टम की क्षमता 10 किलोवाट से बढाकर 30 किलोवाट तक की गई है। मत्स्य एवं झींगा किसानों को तालाबों पर प्रयोग होने वाले विभिन्न बिजली से संचालित उपकरणों हेतु सोलर सिस्टम लगाने पर 50,000 रुपये प्रति किलोवाट या 15,00,000 रुपये प्रति 30 किलोवाट की कुल परियोजना लागत पर 60 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाती है। इस स्कीम में सोलर सिस्टम इकाई स्थापना हेतु अनुदान मद में प्रावधान किया गया है। इससे झींगा किसानो की उत्पादन लागत कम होगी तथा झींगा किसानो की आय में वृद्धि होगी तथा बेरोजगार नवयुवक इस व्यवसाय की ओर आकर्षित होगें। वर्ष 2025–26 में अभी तक कुल 05 मत्स्य किसानों को 9.00 लाख रूपये प्रति केस के अनुसार कुल 45 लाख रूपये का अनुदान वितरित किया जा चुका है तथा वित्तिय वर्ष 2025–26 में लगभग 2.00 करोड रूपये तक के अनुदान वितरित किये जाने की संभावना है। |
| (xxxi) | सिरसा और भिवानी में सफेद झींगा व मछली के पालन को बढावा देने के लिए दो एकीकृत एक्वा पार्क उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किये जाने का प्रस्ताव | (i) झींगा व मछली पालन को बढावा देने के लिये सिरसा जिले में 20–25 एकड भूमि में लगभग 110 करोड रू0 की लागत से केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत जिला सिरसा में खारे पानी की जलकृषि विकास परियोजना (**Saline Water Aquaculture Development Project**) स्थापित करने के लिये सिरसा जिले के पोहरका गांव में परियोजना के लिए 25 एकड जगह चिन्हित कर ली गई है। प्ररियोजना अभी प्रारभिंक चरण में है तथा परियोजना हेतु निन्हित की गई जमीन को खरीदने बारे आगामी कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा जमीन को खरीदने हेतु सरकार से 4.00 करोड रू0 की मांग की गई है। यह एक दीर्घकालिक परियोजना है और इसे पूरा होने में लगभग 3 वर्ष लगेगे। इस उत्कृष्ठता केन्द्र में Processing Plant, प्रशिक्षण केन्द्र इत्यादि स्थापित किये जायेगें, जो कि झींगा व मछली किसानो को उनकी झींगा व मछली फसल का उत्पादन बढाने में सहायक सिद्ध होगें। |

| | | |
|---|---|---|
| | | (ii) जिला भिवानी के गांव गरवा उपमण्डल सिवानी में 24.5 एकड भूमि में विभाग द्वारा झींगा एंव मछली उत्पादन की उत्पादकता बढाने के लिए एकीकृत एक्वा पार्क उत्कृष्ठता केन्द्र 98.90 करोड रू0 (60% Centre Share and 40% State Share) की लागत से स्थापित किया जायेगा। यह प्रोजैक्ट PWD (B&R) विभाग द्वारा बनाया जायेगा तथा 62.00 करोड रू0 निर्माण कार्य हेतु PWD (B&R) विभाग को जमा करवा दिये गये है। PWD (B&R) विभाग को निर्माण से सम्बन्धित मान–अनुमान व डी.पी.आर. पूर्व मे ही प्रदान की जा चुकी है तथा PWD (B&R) विभाग के अधिकारियो के साथ सभा भी हो चुकी है। इस प्रोजैक्ट को बनाने के लिये consultancy उपलब्ध करवाने के लिए Central Institute of Fisheries Education, Mumbai के Vice Chancellor के साथ विडियो कान्फ्रेन्सिग भी हो चुकी है। इस प्रोजैक्ट के अन्दर Water testing laboratory, Soil testing laboratory, Microbiology Laboratory, Disease Diagnostic laboratory, Feed testing laboratory, Quality control laboratory, Advanced feed mill, Processing unit, Rain Water harvesting unit, Office, residential complex and training facilities आदि भी बनाये जायेगें। उक्त केन्द्र की स्थापना हेतु नक्शा भी हरियाणा सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है तथा PWD (B&R) विभाग द्वारा DNIT एंव मान–अनुमान तैयार करने उपरांत निविदा जारी कर दी गई है तथा आगामी कार्यवाही की जा रही है। यह एकीकृत उत्कृष्ठता केन्द्र (Integrated Aqua Park Centre of Excellence) मत्स्य व झींगा किसानो के लिये उनकी फसल का उत्पादन बढाने में सहायक सिद्ध होगा तथा उक्त प्रोजैक्ट स्थापित होने पर बेरोजगार नवयुवको को रोजगार के अवसर उत्पन्न होगें। |